# बारिश से भीगा हजारों क्विंटल अनाज

- ओलावृष्टि ने बढ़ाई किसानों की चिंता
- खुले में रखा अनाज हुआ खराब



नवभारत न्यूज

**विदिशा 30 अप्रैल, गुरुवार दोपहर अचानक बदले मौसम ने जिले में अफरा-तफरी का माहौल बना दिया. तेज बारिश और कई स्थानों पर हुई ओलावृष्टि ने जहां आम जनजीवन को प्रभावित किया, वहीं मंडी और खरीदी केंद्रों पर रखे हजारों क्विंटल अनाज को भी नुकसान पहुंचाया है.**

इस घटना ने एक बार फिर खरीदी व्यवस्थाओं और प्रशासनिक तैयारियों पर सवाल खड़े कर दिए हैं. दोपहर करीब अचानक शुरू हुई तेज बारिश ने कुछ ही समय में पूरे शहर को अपनी चपेट में ले लिया. इसी दौरान शहर के कई हिस्सों में ओले गिरने की भी खबर सामने आई, जिससे तापमान में गिरावट आई, लेकिन किसानों की चिंता कई गुना बढ़ गई. मंडियों और खरीदी केंद्रों पर खुले में रखा गेहूं, चना और मसूर जैसी फसलें बारिश में भीग गईं. कई स्थानों पर तिरपाल या शेड की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण अनाज सीधे पानी में भीगता रहा.

सूत्रों के अनुसार, जिले के विभिन्न खरीदी केंद्रों और कृषि उपज मंडियों में हजारों क्विंटल अनाज खुले में रखा हुआ था. अचानक आई इस बारिश ने इन व्यवस्थाओं की पोल खोल दी. खरीदी केंद्रों पर मौजूद कर्मचारी भी तत्काल स्थिति को संभालने में असहाय नजर आए. बारिश शुरू होते ही आनन-फानन में अनाज को ढकने या सुरक्षित स्थान पर रखने के प्रयास किए, लेकिन तब तक काफी मात्रा में अनाज भीग चुका था.

### किसानों पर मंडरा रहा आर्थिक नुकसान का खतरा

बताया गया है कि ई-टेण्डर के माध्यम से नपा अपने विकास कार्यों के लिये टेण्डर जारी करता है. जिसमें टेण्डर खोलने एवं जारी करने के लिये मुख्य नगर पालिका अधिकारी के डिजीटल सिग्नेचर एवं आईडी का उपयोग किया जाता है .लेकिन तत्कालीन मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीपी राय का स्थानांतरण हो जाने के कारण यह प्रक्रिया अधर में लटकी है. नये सीएमओ धीरज शर्मा पदभार ग्रहण कर चुके हैं. लेकिन ई-टेण्डर की तकनीकी प्रक्रिया पूर्ण न होने के कारण ऐसी स्थिति बन रही है.

## वंशिका का नेशनल टीम के लिए चयन

**सीहोर.** जिले की होनहार व प्रतिभाशाली बास्केटबॉल खिलाड़ी वंशिका वर्मा ने केंद्रीय विद्यालय संगठन की ओर से आयोजित इंदौर रीजनल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर के लिए अपना चयन सुनिश्चित किया है. यह उपलब्धि वंशिका की निरंतर मेहनत, अनुशासन एवं खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है. उनकी इस सफलता ने न केवल जिले का गौरव बढ़ाया है, बल्कि अन्य खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणा का कार्य किया है. जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीण मिश्रा एवं सचिव अंकित चौहान ने वंशिका वर्मा को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है. साथ ही, एसोसिएशन द्वारा जिले के सभी खिलाड़ियों के निरंतर प्रयास एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की गई है.

# स्मार्ट फिश पार्लर में गड़बड़ी, थमाए नोटिस

**सीईओ ने सरपंच व सचिव को दिए नोटिस**

**पार्लर न बनने से मछुआरे खुले में मछली बेचने को मजबूर**




नवभारत न्यूज

**सीहोर 30 अप्रैल. जिले की ग्राम पंचायत धनखेड़ी चांदबढ़ में केंद्र सरकार की मत्स्य संपदा योजना के तहत प्रस्तावित स्मार्ट फिश पार्लर निर्माण में भारी अनियमितताओं का मामला सामने आया है. लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद कार्य अधूरा मिलने और मौके पर दस्तावेज प्रस्तुत न कर पाने पर जिला पंचायत सीईओ ने सरपंच, सचिव और मत्स्य निरीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है.**

जनपद पंचायत सीहोर अंतर्गत ग्राम पंचायत धनखेड़ी चांदबढ़ में स्मार्ट फिश पार्लर निर्माण कार्य में लापरवाही और वित्तीय अनियमितता उजागर हुई है. गुरुवार को जिला पंचायत सीईओ द्वारा किए गए औचक निरीक्षण में कई गंभीर खामियां सामने आईं. निरीक्षण के दौरान मौके पर मौजूद सरपंच और सचिव से जब योजना से संबंधित फाइलें और दस्तावेज मांगे गए, तो वे कोई भी रिकॉर्ड प्रस्तुत नहीं कर सके.

### अस्वच्छ वातावरण में मछली बेचने की विवशता

जिम्मेदारों द्वारा बरती जा रही इस गंभीर लापरवाही का खामियाजा स्थानीय मछुआरों और उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है. फिश पार्लर का निर्माण नहीं होने की दशा में आज भी मछुआरे खुले में और अस्वच्छ वातावरण में मछली बेचने को मजबूर हैं .जबकि योजना का उद्देश्य स्वच्छ और व्यवस्थित बाजार उपलब्ध कराना था, जिससे मछुआरों की आय में वृद्धि हो सके और उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा मिल सके.

# फ्रीगंज में मजदूर से मारपीट, प्रशासन पर उठे सवाल



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा 30 अप्रैल,शहर में कानून व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं. संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय परिसर में देर रात तक असामाजिक तत्वों की गतिविधियां संचालित होने की शिकायत सामने आई है.**

स्थानीय लोगों का आरोप है कि रात्रि के समय महाविद्यालय परिसर में बड़ी संख्या में वाहन खड़े रहते हैं और नशेड़ी यहां बैठकर नशा करते हैं.

बताया गया है कि देर रात तक यहां खान-पान की व्यवस्था भी उपलब्ध रहती है और ऑर्डर देने पर सामान पहुंच जाता है. बाहरी युवतियों के आने की भी चर्चाएं हैं. लोगों का कहना है कि परिसर में चौकीदार मौजूद रहता है, लेकिन पुलिस को सूचना नहीं दी जाती. यदि पुलिस सादे कपड़ों में निगरानी करे तो स्थिति स्पष्ट हो सकती है, जबकि वर्तमान में पुलिस वाहन केवल सायरन बजाते हुए राउंड लगाकर निकल जाता है, जिससे असामाजिक तत्व सतर्क होकर बच निकलते हैं.

> वहीं दूसरी ओर फ्रीगंज वार्ड में एक गरीब मजदूर के साथ बेरहमी से मारपीट का मामला सामने आया है. बताया जा रहा है कि पीड़ित की इतनी पिटाई की गई कि वह चलने-फिरने की स्थिति में नहीं है. मामले की रिपोर्ट थाने में दर्ज होने के बावजूद अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है .घटना के बाद पीड़ित मजदूर का परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहा है.



# सिरोंज अस्पताल में सोनोग्राफी सुविधा

नवभारत न्यूज

**सिरोंज 30 अप्रैल, सिरोंज के शासकीय राजीव गांधी स्मृति चिकित्सालय में गुरुवार को सोनोग्राफी सेवा का शुभारंभ किया गया. जिससे अब मरीजों को जांच के लिए अन्य शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा और स्थानीय स्तर पर ही सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी.**

स्थानीय शासकीय चिकित्सालय में सोनोग्राफी सुविधा शुरू होने से क्षेत्र के मरीजों को राहत मिली है. स्थानीय शासकीय चिकित्सालय में सोनोग्राफी सुविधा न होने के कारण स्थानीय मरीजों को जांच के लिए अन्य शहरों का रुख करना पड़ता था. जिसके कारण मरीज के समय की बर्बादी एवं आर्थिक खर्च होता था. जिससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता था.

इस सेवा के शुरू होने से खासतौर पर गर्भवती महिलाओं को बड़ी राहत मिलेगी, जिन्हें पहले जांच के लिए दूर-दराज जाना पड़ता था.

# सिविल अस्पताल आरोन में 'हीट क्लीनिक'

**गुना। क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे तापमान और लू के खतरे को देखते हुए सिविल अस्पताल आरोन में विशेष 'हीट क्लीनिक' का संचालन प्रारंभ किया गया है। मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. के.एन. भिलवारे ने अपनी विशेषज्ञ टीम के साथ क्लीनिक का निरीक्षण कर इसकी औपचारिक शुरूआत की।**

अस्पताल प्रशासन ने यह कदम इसलिए उठाया है ताकि गर्मी के कारण अचानक बीमार होने वाले या लू की चपेट में आने वाले मरीजों को सामान्य ओपीडी की कतार में न लगना पड़े और उन्हें तत्काल आपातकालीन उपचार मिल सके। क्लीनिक की शुरूआत के दौरान डॉ. महेश कुमार राजपूत, डॉ. अविनाश रघुवंशी, डॉ. कमल मीना, डॉ. राजू मजूमदार और ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर भूपेंद्र श्रीवास्तव उपस्थित रहे।



डॉ. भिलवारे ने नागरिकों को सचेत करते हुए कहा कि इस मौसम में मामूली सी लापरवाही भी स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल सकती है। उन्होंने बचाव के लिए सुझाव दिए हैं कि धूप में बाहर जाते समय हमेशा कुछ खाकर निकलें और साथ में पानी की बोतल जरूर रखें। दोपहर 12 बजे से शाम 3 बजे के बीच, जब धूप सबसे तेज होती है, बाहर निकलने से बचें। मिर्च-मसालेदार और बासी भोजन से परहेज करें। हल्का और सुपाच्य भोजन लें। बच्चों को तेज धूप में खेलने से बचाएं और उन्हें ठंडे वातावरण में रखने का प्रयास करें।



# 70 बारातियों से भरी स्लीपर बस पलटी, 3 की मौत

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 30 अप्रैल, का. नगर से करीब 15 किमी दूर गुना रोड़ पर काचरी जोड़ के समीप सुबह 6 बजे बारातियों से भरी एक बस हादसे का शिकार हो गई. स्लीपर बस में बारात मुरैना से आ रही थी जिसमें करीब 70 लोग सवार थे.**

धर्मेंद्र ट्रेवल्स की यह बस मुरैना के रछेड़ गांव से उज्जैन बारात लेकर जा रही थी. चालक को नींदा का झोंका आने से बस नियंत्रित हो गई और पलटी खाते हुए घिसटती चली गई. हादसे में दूल्हे की 60 वर्षीय दादी सहित 3 लोगों की मौत हो गई जबकि 8 लोगों को भोपाल गंभीर हालत में रेफर किया गया है. इसके अलावा 27 अन्य भी चोटें आई है. दूल्हे की बारात लेकर सभी उज्जैन जा रहे थे. लेकिन 3 मौतों और बड़े हादसे ने शादी की खुशियों को मातम और दहशत में बदल लिया.

जानकारी के अनुसार दिव्यांश तोमर की बारात लेकर मुरैना के रछेड़ गांव से पूरा परिवार, रिश्तेदार उज्जैन जा रहे थे. रात के समय बस मुरैना से रवाना हुआ. सुबह करीब 6 बजे अचानक बस काचरी के समीप पलटी खा गई. दुर्घटना के बाद चालक फरार हो गया. हादसे के बाद पुलिस और आसपास के ग्रामीणों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया. फिलहाल घायलों का ईलाज जारी है और 3 मृतकों का पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है.

### दादी का पैर कटकर खिड़की से बाहर गिरा

घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि हादसा इतना भीषण था कि दूल्हे की दादी का पैर कटकर अलग हो गया और काफी दूर खिड़की से बाहर जा गिरा. दुर्भाग्य से ईलाज के दौरान दूल्हे की दादी बिटोली देवी (60) की मौत हो गई. मृतकों में दो युवक अंशु उर्फ विष्णु तोमर 25 वर्ष और अभय तोमर उम्र 24 वर्ष भी शामिल हैं. हादसे के बाद बस में से लोगों ने चिल्लाना शुरू कर दिया. बस के पलटने से कई लोग सीटों के नीचे दब गए और घायल हो गये.

## 17 वर्षीय युवक को ट्रक ने कुचला

**अशोकनगर।** अपने भाई को खाना देने जा रहे एक 17 वर्षीय युवक को ट्रक ने कूचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। तो वहीं घटना की जानकारी परिजनों को तब लगी जब उसका भाई अपने काम से लौटकर घर आया, तो पता चला युवक गायब है, इसके बाद छानबीन शुरू की गई, तो पता चला कि हादसे में उसकी मौत हो गई है। दरअसल बुधवार को कबीरा रोड़ निवासी 17 वर्षीय राहुल प्रजापति पुत्र प्रीतम प्रजापति अपने भाई शिवेंद्र को खाना देने के लिए टिपन लेकर जा रहा था, इसी बीच पुरानी गल्ला मंडी में उसे एक बेकाबू ट्रक ने कूचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं मृतक की शिनाख्त होने पर गुरूवार की सुबह पुलिस ने शव का पीएम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# टीके जानलेवा बीमारियों से बचाव का मंत्र

## विश्व टीकाकरण जागरुकता सप्ताह के तहत जिला अस्पताल में कार्यक्रम




नवभारत न्यूज

**विदिशा 30 अप्रैल, विश्व टीकाकरण जागरूकता सप्ताह (24-30 अप्रैल 2026) के अंतर्गत 30 अप्रैल को जिला अस्पताल के एसएनसीयू में कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस अवसर पर शिशु रोग विशेषज्ञ एवं आईएपी विदिशा के अध्यक्ष डॉ एम के जैन ने कहा कि टीके जीवन रक्षक होते हैं और खतरनाक बीमारियों से बचाव करते हैं. उन्होंने बताया कि टीकाकरण सिर्फ बच्चों के लिए ही नहीं बल्कि सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए आवश्यक है.**

उन्होंने जानकारी दी कि हर वर्ष अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में पूरे विश्व में टीकाकरण जागरूकता अभियान चलाया जाता है. इस वर्ष की थीम हर पीढ़ी के लिए, वैक्सीन काम करती हैं रखी गई है. विश्व स्वास्थ्य संगठन के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य जीवनभर वैक्सीन से सुरक्षा सुनिश्चित करना है.

पिछले 50 वर्षों में टीकाकरण प्रयासों से 150 मिलियन से अधिक लोगों की जान बचाई जा चुकी है.प्रभारी सिविल सर्जन एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ प्रमोद मिश्रा ने बताया कि सरकारी अस्पताल में टीबी, टेटनस, काली खांसी, गलघोंटू, दस्त, पीलिया, दिमागी बुखार, निमोनिया, खसरा और रूबेला से बचाव के टीके निशुल्क लगाए जाते हैं. उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित टीकाकरण अवश्य कराएं.

# चौपना जंगल में आधी रात को 'सर्जिकल स्ट्राइक',

नवभारत न्यूज

**गुना। बीनागंज वन परिक्षेत्र इलाके के चौपना जंगलों में वन्य जीवों का शिकार करने आए भोपाल के पांच शिकारियों को वन विभाग की टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। शिकारी बेहद शातिर थे, पहचान छिपाने के लिए वे इंदौर रजिस्टर्ड कार का इस्तेमाल कर रहे थे और उनके पास अत्याधुनिक रायफल मौजूद थी। लेकिन वन विभाग के मुखबिर तंत्र के आगे उनकी हर चाल फेल हो गई।**



दरअसल, बीते 3 अप्रैल को शिकार का एक मामला सामने आने के बाद से ही वन विभाग की टीमें अलर्ट पर थीं। वहीं गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात करीब 2:30 बजे मुखबिर से सटीक सूचना मिली कि चौपना के जंगल में कुछ शिकारी दाखिल हुए हैं। सूचना मिलते ही बीनागंज रेंजर सौरभ द्विवेदी ने अपनी टीम के साथ मोर्चा संभाला और जंगल के रास्तों की घेराबंदी कर दी। तलाशी के दौरान टीम को एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार आती दिखाई दी। वन विभाग ने जैसे ही कार को रुकवाकर उसकी तलाशी ली, अंदर का नजारा देखकर अधिकारी दंग रह गए। कार के भीतर एक नीलगाय और एक भेड़की का शव पड़ा हुआ था।

> पकड़े गए पांचों आरोपी भोपाल के रहने वाले बताए जा रहे हैं। हैरान करने वाली बात यह है कि शिकार के लिए इस्तेमाल की गई कार इंदौर में रजिस्टर्ड है। माना जा रहा है कि आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से इस वाहन का चुनाव किया ताकि स्थानीय पुलिस या वन अमले को उन पर शक न हो।

## एक नजर में



### संगठन मजबूत होगा तो मिलेगा गरीबों को न्याय

**सीहोर.** बहुजन समाज पार्टी की समीक्षा बैठक रखी गई.मुख्य अतिथि इंजीनियर रमाकांत पिप्पल ने कहा कि संगठन को जितनी मजबूती मिलेगी उतना ही समाज को न्याय दिलाया जा सकता है. भाजपा सरकार में किसानों का मजदूरों का और युवाओं का शोषण हुआ है. गरीबों को न्याय नहीं मिल रहा है .बैठक में एडवोकेट कमलेश कुमार ने कहा कि बसपा में अनुशासन का बहुत महत्व है. बैठक की अध्यक्षता संजीव बौद्ध ने की. बैठक में अनोखी लाल मालवीय, नर्मदा प्रसाद सागर, हरिओम बौद्ध, डीबी बड़ोदिया, धनराज सिंह थरेले, चरण लाल वेद, लखन लाल मालवीय, लक्ष्मी दोहरे, देवकरण कुरील, लक्ष्मी नारायण अहिरवार, बंटी जाटव, थानसिंह अहिरवार, अर्जुन गोयल, मुकेश सिकनिया, राकेश मालवीय, धीरा अहिरवार उपस्थित रहे.

### कभी धूप, कभी बादल, मौसम का बदलता मिजाज

**सिरोंज.** क्षेत्र में इन दिनों मौसम का मिजाज बदल रहा है. कभी तेज धूप लोगों को परेशान कर रही है, तो कभी अचानक बादल छा जाते हैं. मौसम में इस तरह के बदलाव ने आमजन की चिंता बढ़ा दी है .क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से गर्मी असर दिखा रही थी. तापमान में बढ़ोत्तरी एवं गर्मी से दिन के समय लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो रहा था. जिसके बाद गुरुवार को मौसम में बदलाव दिखाई दिया. दिन में बादलों में सूरज की लुकाछिपी का दौर चलता रहा. इससे तापमान में थोड़ी कमी आई. जिससे लोगों को तेज गर्मी से थोड़ी राहत मिली. हालांकि उमड़ का दौर जारी रहा. क्षेत्र में इन दिनों मौसम की आंख-मिचौली जारी है. मौसम में हो रहे बदलाव से लोग चिंतित हैं. इससे मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है.

### समर कैंप ओलंपिया का आगाज आज से

**विदिशा,** सागर रोड स्थित ओलंपस हाई स्कूल द्वारा प्रति वर्ष आयोजित होने वाले समर कैंप ओलंपिया का आगाज 1 मई से होने जा रहा है. स्कूल संचालक मोहित रघुवंशी ने बताया कि 1 मई से 20 मई तक चलने वाले इस कैंप में स्विमिंग सबसे महत्वपूर्ण आकर्षक के रूप में बच्चों के बीच उभरा है. स्विमिंग के अलावा स्पोकन इंग्लिशए पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, स्केटिंग, डांस, म्यूजिक, क्राफ्ट आदि गतिविधियां भी बच्चों को सिखाई जाएंगी.

### 5 केंद्रों पर 1,770 परीक्षार्थी देंगे नीट परीक्षा

**गुना।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी नई दिल्ली द्वारा आयोजित की जाने वाली नीट (यूजी) 2026 की परीक्षा आगामी 03 मई 2026 को आयोजित होगी। जिले में इस महत्वपूर्ण परीक्षा के लिए कुल 05 केंद्र बनाए गए हैं, जहाँ 1,770 परीक्षार्थी डॉक्टर बनने के अपने सपने की दिशा में परीक्षा देंगे। यह परीक्षा दोपहर 02 बजे से शाम 05 बजे तक संचालित की जाएगी। परीक्षा के सुचारू संचालन और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देश पर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गुना में एक विशेष परीक्षा नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) स्थापित किया गया है। इस कंट्रोल रूम की जिम्मेदारी प्रभारी के रूप में प्राचार्य बी.के. तिवारी को सौंपी गई है। परीक्षा से संबंधित किसी भी जानकारी या समस्या के समाधान के लिए प्रशासन ने दूरभाष क्रमांक 07542-251639 जारी किया है।

### किसान को दिलाई ऑनलाइन पावती

**अशोकनगर।** गेहूं उपार्जन केन्द्र विक्रमादित्य वेयरहाउस डुंगासरा सेवा सहकारी समिति रामनगर पर ग्राम अमनचार के कृषक बृजेन्द्र सिंह यादव द्वारा गेहूँ की तुलाई करवाई गई है। पोर्टल पर तकनीकी कारण से किसान को गेहूं उपार्जन की ऑनलाईन पावती प्राप्त नही हो सकी थी। ग्राम सेहराई में आयोजित रात्रि चौपाल में कलेक्टर मालवीय को कृषक बृजेन्द्र सिंह यादव द्वारा आवेदन दिया गया था। कलेक्टर द्वारा कृषक के आवेदन पर संज्ञान लेते हुए किसान को उपार्जित गेहूँ की ऑनलाईन पावती दिलाई गई।

**निरीक्षण** कलेक्टर ने किया उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण, किसानों से किया संवाद, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

# उपार्जन केंद्र संचालक, प्रशासक, सर्वेयर को दिये नोटिस

नवभारत न्यूज

**सागर 30 अप्रैल. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने गजानंद व्हेयर हाउस, अनिल तिवारी व्हेयर हाउस बाग खेजरा के उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण कर गेहूं खरीदी की प्रक्रिया का निरीक्षण किया.**

निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र पर मौजूद संसाधनों, बारदानों की उपलब्धता और अनाज के सुरक्षित रखरखाव की बारीकी से जांच की. उन्होंने उपार्जन केंद्र पर अपनी उपज लेकर आए किसानों से संवाद किया और उनसे पंजीयन, मैसेज प्राप्ति और तुलाई में लगने वाले समय के बारे में फीडबैक लिया. उपार्जन केंद्र के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों एवं उपार्जन केन्द्र संचालक को निर्देशित किया कि उपार्जन/खरीदी केंद्रों पर पूरे 6 तौल कांटे लगाए जाएं। सभी 6 तौल कांटों पर निरंतर तुलाई कार्य चलता रहे.



किसानों के लिए केंद्रों पर पर्याप्त छाया और शीतल पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए. प्रत्येक किसान को सुविधा के साथ उपज का उपार्जन सुनिश्चित करें. किसानों की उपज की तुलाई समय पर हो सके इसके लिए पर्याप्त संख्या में बारदाने, तौल कांटे, सिलाई मशीन, स्लॉट बुकिंग हेतु कंप्यूटर, नेट कनेक्शन, कंप्यूटर ऑपरेटर, आदि व्यवस्थाएं उपार्जन केन्द्र पर हमेशा उपलब्ध रहें. उन्होंने उपार्जन केंद्र पर कृषकों की सुविधा के लिए पेयजल, टेंट, बैठक, इत्यादि व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया तथा सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए.

### डीएम ने किसानों से किया सीधा संवाद

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने उपार्जन केंद्र पर अपनी उपज बेचने आए किसानों से सीधा संवाद किया. उन्होंने किसानों से उपार्जन प्रक्रिया, तुलाई और केंद्र पर मिल रही मूलभूत सुविधाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने किसानों से पूछा कि उन्हें अपनी उपज विक्रय करने में किसी प्रकार की असुविधा तो नहीं हो रही है. साथ ही, आगामी दिनों में मौसम परिवर्तन और बारिश की संभावना को देखते हुए उन्होंने केंद्र प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि उपार्जन केंद्र पर लाई गई पूरी उपज को तिरपाल से ढकने और सुरक्षित भंडारण के लिए सभी जरूरी इंतजाम तत्काल सुनिश्चित किए जाएं, ताकि संभावित बारिश से अनाज को खराब होने से बचाया जा सके. इस दौरान एसडीएम अमन मिश्रा, डीएसओ ज्योति बघेल सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे.

## दो दिवसीय हिंदू जनजागरण अभियान की तैयारी

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा.** श्री राम जन्मभूमि आंदोलन के प्रमुख अगुआ एवं प्रवीण तोगड़िया 1 मई 2026 की रात्रि में गंजबासौदा पहुंचेंगे. अपने प्रवास के दौरान वे संगठन से जुड़े हितचिंतक परिवारों के निवास पर जाकर उनसे मुलाकात करेंगे और विभिन्न सामाजिक व संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करेंगे.बताया गया है कि विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल से जुड़े तोगड़िया मध्य भारत क्षेत्र में दो दिवसीय जनजागरण अभियान चलाएंगे. इस दौरान वे हिंदू समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे तथा आगामी सम्मेलनों की रूपरेखा को अंतिम रूप देने के लिए संगठन के पदाधिकारियों के साथ मंथन करेंगे.